# कतर–नेपाल व उप्र के बीच बढ़ेगा कारोबार



होटल क्लार्क में आयोजित चर्चा में रीना सिंह , मंजुला गोस्वामी, सुधीर कुमार, संदीप कोहली, संजय सिन्हा, अनुराग श्रीवास्तव, विपुल, पीयूष श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, दानिश मोहम्मद, हसन यकूब, डीपी सिंह, आर के गुप्ता और उत्पल नाथ ● सौजन्य : आयोजक

जासं, लखनऊ : कतर और नेपाल के साथ द्विपक्षीय कारोबार को और मजबूत करने के लिए कारोबार जगत की हस्तियों के साथ विदेश मंत्रालय के अफसर भी बैठे। इन्वेस्ट यूपी ने इंडो–अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स (आइएसीसी) के सहयोग से मंगलवार को विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव अनुराग श्रीवास्तव, नेपाल मामलों के प्रभारी पीयूष श्रीवास्तव और विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव व कतर में भारतीय राजदूत विपुल के साथ संभावनाओं पर चर्चा की।

अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि नेपाल सीमा पर एकीकृत चेकप्वाइंट को कुशल व्यापार तंत्र को बढ़ावा देने, द्विपक्षीय सहयोग के महत्व पर जोर देने के लिए रणनीतिक रूप से विकसित किया गया है। कतर में भारतीय राजदूत विपुल ने कहा कि कतर में हमारा मिशन यूपी इन्वेस्ट के साथ निर्यात विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए सम्मर्पित है। हम विशेष रूप से कृषि आधारित व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से संजय सिन्हा (अध्यक्ष, इकाना), कीर्ति करमचंदानी (एचसीएल), सैयद दानिश (टाटा मोटर्स), संदीप कोहली (खुदरा क्षेत्र), सुधीर कुमार (उद्यमी), डीपी सिंह (अध्यक्ष, एसोचैम यूपी) मौजूद थे।